## एक नजर में

### भाविप हरसिद्धि ने कन्या भोज के साथ किया गरबा महोत्सव



**उज्जैन।** शारदेय नवरात्रि में भारत विकास परिषद हरसिद्धि द्वारा सेवा भारती बालिका छात्रावास में कन्या भोज के साथ गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर निगम सभापति प्रकाश चित्तौड़ा, भाविप के प्रांतीय संरक्षक ईश्वर पटेल एवं समाजसेवी भगवान शर्मा थे। अध्यक्ष संगीता सोनी एवं संरक्षक आरती खरे ने बताया कि उपस्थित अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप-प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्रावास की 70 से भी अधिक बालिकाओं को संस्था अध्यक्ष द्वारा पादपूजन कर वस्त्र और उपहार भेंट किए। कन्या भोज उपरांत बालिकाओं द्वारा की दी गई नृत्य प्रस्तुति ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। आपने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी भूषण खुल्लर, दिनेश महाजन, रुदेश-तनु शर्मा एवं सेवाभारती के कार्यकर्ता विशेषरूप से उपस्थित थे। संस्था की मातृशक्ति हीरामणि महाजन, कृष्णा खोड़े, सरोज बाला श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, जया परिहार, बसंताजी, सावित्रीजी, रुचि पोरवाल ने गरबों की मनमोहन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन संस्था संरक्षक ओमप्रकाश गर्ग ने किया व आभार प्रीति तैलंग ने माना।

### सेवानिवृत्ति होने पर अधिकारियों का किया अभिनंदन



**उज्जैन।** देवास रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज पर सम्भाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी के नेतृत्व में संभागीय बैठक एवं सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उज्जैन संभाग के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम शुरू करने से पहले बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं बुद्ध की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। संभागीय सचिव विक्रम सिंह परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में अजाक्स संगठन की लंबी मांगों को लेकर चर्चा हुई और सभी ने अपने-अपने सुझाव रखे। विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंका गया ऐसी घटना की अजाक्स कड़ी निंदा करता है और ऐसे लोगों के खिलाफ करी कार्रवाई करने की मांग करते हैं। बैठक समापन के बाद सेवानिवृत्ति कर्मचारी मदनलाल गायकवाड कृषि विस्तार अधिकारी, मदनलाल मालवीय पूर्व प्रिंसिपल, केसी रावत सांख्यिकी अधिकारी, पीरु लाल मालवीय एवं मानसिंह मेहरा पीडब्ल्यूडी विभाग को सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर बाबा साहब की तस्वीर एवं पुष्पमालाओ पुष्पगुच्छो से अभिनंदन किया। इस मौके पर एस के पीपरा एन पी मालवीय, मदन लाल चौहान, आनंदीलाल राठौर, बसंती पंवार, माणकचंद सांगुले, केशर देवी, करण डाबी, हीरालाल ऐरवाल आदि बड़ी सांख्य में लोग उपस्थित थे।

### राजकुमार झांझोट बने मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी



**उज्जैन।** मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास के संस्थापक व अध्यक्ष व हिंदूवादी नेता मनीष सिंह चौहान द्वारा राष्ट्रहित में लगातार सक्रिय रूप से कार्य करने वाले वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार झांझोट को मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास का राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी निर्वाचित किया गया। श्री झांझोट की नियुक्ति पर हरि माली, मुकेश कुमार, सर्व कल्याण बजरंग दल के अध्यक्ष व संस्थापक मुरली निगम, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हेमलता तोमर, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश माली, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मुकेश राठौर, प्रदेश विधिक सलाहकार हरीश राठौर, राजेश देसाई, फुलू कदम पहलवान, दया पटेल, सुशील बर्मन, नितेश पटेल, भानु ठाकुर, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, बलराम कदम, विशाल खटीक, भरत बड़वाया, पवन बरोलिया, विश्वास सिंह चौहान, रणवीर सिंह चौहान, शरद सिंह चौहान, कुणाल सिंह, राजू मेघवाल, पप्पू नाथ मकवाना, विकास गोयल, बने सिंह माली, राहुल राज तिवारी, अशोक चौहान, कृष्ण परमार, नरेंद्र रेनीवाल द्वारा हर्ष व्यक्त कर बधाई प्रेषित की। विश्वास सिंह चौहान ने बताया कि श्री झांझोट इसके पूर्व नि:शुल्क भोजन सेवा समिति के अध्यक्ष रहते हुए सावन के पावन महीने में आने वाले कावड़ यात्री व उज्जैन में महाकाल के भक्तों को नि:शुल्क भोजन कराने का कार्य भी करते आए है। अपने पिताजी स्वर्गीय अशोक कुमार झांझोट की स्मृति में उज्जैन शहर वासियों को शव वाहन समर्पित कर चुके हैं। उज्जैन शहर में मृत्यु देव आत्मा चक्रतीर्थ ले जाने के कार्य में लगा रखा है और उसका पूरा खर्चा श्री झांझोट उठाते हैं। लगातार हर वर्ग में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले राजकुमार झांझोट गौ रक्षा न्यास के माध्यम से अब हिंदुत्व की आवाज बनने जा रहे हैं। हिंदूवादी विचारधारा और गौ रक्षा राष्ट्रीय रक्षा हिंदू के लिए लगातार कर्मठता से अच्छे कार्य उनके द्वारा निरंतर जारी रहते हैं।

### हितधारक सम्मेलन से मिली उज्जैन-देवास कॉरिडोर में उद्योग-मानक सहयोग को नई गति



**उज्जैन।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) भोपाल शाखा कार्यालय द्वारा 9 अक्टूबर को उज्जैन में हितधारक सम्मेलन (स्टेकहॉल्डर्स कॉन्कलेव) आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उज्जैन-देवास कॉरिडोर एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों से 150 से अधिक प्रतिभागियों, बीआईएस लाइसेंसधारी, उद्योग जगत, सरकारी संगठन, शैक्षणिक संस्थान, गैर-सरकारी संगठन, उपभोक्ता संगठन, बीआईएस के संसाधन व्यक्ति तथा परीक्षण एजेंसियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। मोहम्मद रिज़वान, निदेशक एवं प्रमुख, बीआईएस भोपाल ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा मुख्य अतिथि, अतिथि-विशेष, विशिष्ट आमंत्रितों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि कलावती यादव, सभापति, नगर निगम उज्जैन ने अपने संबोधन में उपभोक्ता संरक्षण एवं गुणवत्ता-संस्कृति के निर्माण में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उल्लास वैद्य वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय सदस्य, अमर सिंह मोरे संयुक्त निदेशक, डीआईसी उज्जैन, सुनील पिठवे अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, महाकाल इकाई, अतुल वाजपेई जीएम, रतलाम उद्योग संगठन तथा ओम भारद्वाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया कंज़्यूमर प्रोटेक्शन ने मानक निर्माण, अनुरूपता आकलन प्रमाणीकरण एवं मानक प्रचार गतिविधियों में बीआईएस हितधारक सहभागिता को मज़बूत बनाने पर अपने विचार रखे। तकनीकी सत्र में हरिओम मीना उप निदेशक तथा किशन कन्हैया लाल सहायक निदेशक, बीआईएस बीपीबीओ ने वर्ल्ड स्टैंडर्ड्स डे 2025 थीम, बीआईएस का अवलोकन एवं बीआईएस की प्रमुख पहल विषयों पर प्रस्तुतियाँ दीं।






# सैकड़ों महिलाओं ने गरबा कर की शक्ति की आराधना

▸ **सप्त शक्ति संगम के अंतर्गत मातृ सम्मेलन संपन्न**

**बड़नगर। सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में विद्यार्थियों की माताओं का सप्त शक्ति संगम मातृ सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में सैकड़ों माताओं ने घर के कुलदीप को जग का दिवाकर बनाने के लिए संकल्प लिया। समारोह के मुख्य वक्ता महिला एवं बाल कल्याण समिति के सचिव आशीष शुक्ला, अध्यक्षता समाज सेविका ममता पंड्या, विशेष अतिथि समाज सेविका मोना जैन, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष प्रो. लक्ष्मण चेलाणी एवं कोषाध्यक्ष अरविन्द माहेश्वरी थे।**

उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता आशीष शुक्ला ने माताओं से कहा कि भारत के विकास में आपका योगदान है और रहेगा, आज माताओं को अपने बच्चों के भविष्य के लिए टीवी के बेकार सीरियल एवं मोबाइल की रील छोड़कर के समय निकालने की आवश्यकता है। माताएं थोड़ा समय निकाल कर अपने सांस्कृतिक, सामाजिक, अतीत की और लौटे तो संस्कारित पीढ़ी तैयार होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथि परिचय खुशबू डोडिया, स्वागत विद्यालय परिवार, संचालन मौसमी चौरसिया, आभार उप प्राचार्य देवेन्द्र प्रसाद शर्मा ने माना।

## बच्चों को खेल खेल में संस्कार दें

सभी माताएं माता कौशल्या, जीजाबाई बनेंगी तो ही घर में आदर्श राम व साहसी छत्रपति शिवाजी जन्म लेंगे। आपने कहा कि, शिक्षण कार्य सिर्फ कॉपी में गृह कार्य तक सीमित नहीं है। बच्चों को खेल खेल में संस्कार देना भी शिक्षण कार्य ही है। अध्यक्षता करते हुए समाज सेविका ममता पंड्या ने कहा कि समाज में परिवर्तन आवश्यक है माताएं संयुक्त परिवार में रहे, पर्यावरण को बचाए, सामाजिक समरसता की शुरुआत अपने घर से करे। विशेष अतिथि मोना जैन को आदर्श संयुक्त परिवार का उदहारण के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने पर शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा साथ ही 10 माताओं को भी लक्की ड्रा के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान समिति सदस्य ऋषभ नीमा, प्राचार्य संगीता गंगराड़े, हजारीबाग विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप शर्मा, शिशु वाटिका प्रमुख कविता मकवाना, उच्च माध्यमिक के सहपाली प्रमुख मुकेश प्रजापत, प्राथमिक विभाग के पाली प्रमुख हिम्मत सिंह सिसौदिया उपस्थित थे। कार्यक्रम पश्चात सभी माताओं ने सामूहिक गरबा कर माँ जगदम्बा की आराधना की।



## शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित


**उज्जैन।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में आज आंतरिक गुणवत्ता उन्नयन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में रेबीज जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना था।

अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय भार्गव ने छात्राओं को रेबीज से संबंधित रोकथाम के उपाय, प्राथमिक उपचार तथा सरकारी टीकाकरण योजनाओं की जानकारी देते हुए छात्राओं को स्वयं एवं परिवार के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. महेंद्र जैन ने छात्राओं को इस विषय पर जागरूक रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री टीकमचंद रैकवार ने अलग-अलग पोस्टर द्वारा बताया कि यह रोग प्राय: संक्रमित पशुओं के काटने से फैलता है। इससे बचाव हेतु समय पर टीकाकरण करवाने और स्वच्छता बनाए रखने की आवश्यकता है। हो सकता है कि परिवार का कोई सदस्य डर या और किसी कारण से बता नहीं पाए कि उसे किसी पशु ने काटा है परंतु उसमें सर दर्द, थकावट, बुखार, झनझनाहट ,मतिभ्रम होना ,बहुत अधिक लार निकलना ,पानी से डर लगना या आक्रामक व्यवहार हो जाना जैसे लक्षण दिखाई देते ही तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

## महाकाल क्षेत्र में बने हॉकर झोन में पथ विक्रेताओं को स्थान आंवटित किया जाए

▸ **तीन दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे पथ विक्रेताओं ने कहा महीनों से रोजगार बंद, राहत दे सरकार**



**उज्जैन। 2014 के कानून के अनुसार 40 साल पुराना बाजार प्राकृतिक व पारम्परीक बाजार के रूप में महाकाल क्षेत्र के बाजारों को घोषित किया जावे। 2014 के कानून के अनुसार सिलेक्शन की टीवीसी कमेटी बनने के बाद निर्वाचन सूचि तैयार कर पथ विक्रेताओं की टीवीसी कमेटी का चुनाव करवाया जाए।**

2014 कानून का उज्जैन नगर निगम आयुक्त सहित टीवीसी कमेटी मेम्बरों का किसी प्रकार की कोई बैठक न होने से पथ विक्रेताओं के अधिकार का हनन हो रहा है उनका रोजगार बंद किया जा रहा है। टीवीसी कमेटी की समय पर मिटिंग रखी जावे। उज्जैन में 2028 में आने वाले सिंहस्थ महापर्व में तैयार की जा रहीं एडवाईजरी में पथ विक्रेताओं को भी रोजगार स्थल का आवंटन करने का और रोजगार करने के लिए स्थान दिया जाए।

उक्त मांग तीन दिनों से चरक भवन के सामने सामाजिक न्याय परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे पथ विक्रेताओं ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, कलेक्टर, कमिश्नर सहित संपूर्ण शासन प्रशासन से की है। 8 अक्टूबर बुधवार को नायब तहसीलदार गोवर्धन राजोरिया को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि सिंहस्थ 2028 की समिति में पथ विक्रेताओं के प्रतिनिधि को भी सम्मिलित किया जावे। जिससे पथ विक्रेताओं का भी कानून के अनुसार रोजगार बचाने हेतु बात रखी जा सके। 20.08.2025 के पूर्व 1.5 माह के लिए हटाये गये पथ विक्रेताओं को वर्तमान में ढाई माह से अधिक समय हो गया है रोजगार बंद है जल्द से जल्द चालू करवाये जाने के आदेश दिये जाये।

### तीसरे दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन

तीसरे दिन धरना प्रदर्शन में नेशनल हॉकर फेंडरेशन के जनरल सेक्रेटरी संजय सिंह चौहान, हाथ ठेला फुटपाथ संघ के संरक्षक लक्ष्मीनारायण रजक, असंगठित महिला श्रमिक संघ की वर्षा कछवाय, हाथ ठेला अध्यक्ष कालूराम चौहान, अर्जुन कहार, सुमित श्रीवास, जितेंद्र वर्मा, राजपाल सोलंकी, सुमित्रा बाई चौहान, राहुल कहार, माया जाट, महेश सक्सेना सहित बड़ी संख्या में पथ विक्रेता मौजूद रहे।

## भारतीय किसान संघ का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त, सरकार को दी चेतावनी

▸ **तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, कहा- फसलों का सर्वे कर जल्द दी जाए बीमा व राहत राशि**

**माकड़ोन। भारतीय किसान संघ तहसील के बैनर तले मंगलवार को किसानों ने तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने तहसीलदार को चेतावनी स्वरूप ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही बीमा एवं राहत राशि का वितरण नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।**

किसानों ने आरोप लगाया कि माकड़ोन तहसील के अनेक गांवों में अब तक पटवारियों द्वारा फसलों का सर्वे नहीं किया गया है। जबकि सोयाबीन की फसल लगभग 90 प्रतिशत तक खराब हो चुकी है। पीला मोजेक वायरस के प्रकोप से फसलों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। किसानों ने यह भी कहा कि जो पटवारी वर्षों से एक ही हल्के में पदस्थ हैं, उन्हें तत्काल अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। जिन पटवारियों के विरुद्ध अनियमितताओं की शिकायतें हुई हैं, उन पर भी शीघ्र कार्रवाई की जाए। काफी देर तक चले इस धरना प्रदर्शन के दौरान तहसीलदार ने किसानों से चर्चा कर लिखित रूप में नुकसानी का आकलन भेजे जाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसानों ने अपना अनिश्चितकालीन धरना समाप्त किया। भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो उज्जैन जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी पूर्ण जवाबदेही शासन-प्रशासन की रहेगी। रैली का नेतृत्व भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष शिवचरण शर्मा (भरियाखेड़ी) ने किया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष सोनू बना, मंत्री ओमप्रकाश आचार्य, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान, सह मंत्री महेंद्र सिंह यादव, भगवान सिंह गुर्जर, राजाराम जी, समर सिंह, जितेंद्र सिंह, दिलीप सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में किसानों ने नारे लगाकर सरकार से अपनी मांगों को तत्काल मानने की अपील की।

## 8वीं जिला स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता 11 को

**उज्जैन।** स्व. चुन्नी पहलवान एवं स्व. कमल पहलवान यादव की स्मृति में जिला स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह कोठी रोड पर 11 अक्टूबर को किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष गोपाल यादव व सचिव प्रतीकसिंह तोमर ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता सब जूनियर, यूथ सीनियर (पुरुष, महिला) वर्गों में आयोजित की जाएगी। जिसमें जिले के 150 से अधिक खिलाड़ियों के सहभागिता करने की आशा है। संस्था के उपाध्यक्ष संदीप सिंह व सहसचिव जितेंद्रसिंह कुशवाह ने बताया कि प्रत्येक वर्ग में चैम्पियन ऑफ चैम्पियन का खिताब दिया जाएगा। सीनियर को 5 हजार केश प्राईज व अन्य वर्गों में 2100 रुपए केश प्राईज, आकर्षक ट्राफी व प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया जाएगा। आगामी माह भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए उज्जैन टीम का चयन भी किया जाएगा। संस्था के पदाधिकारी पंकज गुप्ता, देवेंद्रसिंह कुशवाह,आकाश यादव, अजय आंजना ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**एक नजर** ▸ **लायंस सेवा सप्ताह में आचार्य शैलेंद्र पाराशर द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक साधना पद्धतियों पर मार्गदर्शन**

# मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना वर्तमान समय में सबसे बड़ी आवश्यकता





**उज्जैन। लायंस इंटरनेशनल सेवा सप्ताह के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 2 के लायंस क्लब उज्जैन इंजीनियर्स द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषयक जागरूकता पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वक्ता सार्वभैम मानव विकास संस्थान के अध्यक्ष आचार्य शैलेन्द्र पाराशर थे। जिनके द्वारा अपने व्याख्यान में मानसिक स्वास्थ एवं कल्याण विषय में बताया गया कि वर्तमान आधुनिक युग में मनुष्य के जीवन में तनाव, चिंता, अवसाद, अकेलापन, आत्महत्या, मानसिक रोगों एवं मनोविकारों की बढ़ती प्रवृत्ति अत्यंत चिंताजनक है। मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ बनाए रखने में जागरूकता, सकारात्मक आदतें एवं संतुलित जीवनशैली की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। यहीं संतुलन व्यक्ति को आँतरिक शाँति, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। वर्तमान समय में सबसे बड़ी आवश्यकता मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए मन की स्थिरता

इसी क्रम में लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी2 के गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को कल्याणकारी बनाए रखने के लिए मन की स्थिरता, भावनाओं का संतुलन और विचारों की स्पष्टता आवश्यक है। इससे व्यक्ति की सोचने, समझने, निर्णय लेने की क्षमता और समाज को जागरूक बनाएं रखने की योग्यता में वृद्धि होती है, साथ ही उन्होंने आचार्य श्री शेलेन्द्र पाराशर द्वारा दिए मार्गदर्शन के लिये आभार व्यक्त किया और कहा कि आचार्य जी ज्ञान का भंडार है और शहर के साथ ही विक्रम विश्वद्यिलय की शान है। कार्यक्रम के अंतिम चरण में उपस्थित सभी लायंस सदस्यों द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ जी का जन्मदिवस भी आत्मीय वातावरण में हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन लायन मुकेश शिंदे द्वारा किया गया।